# University in News on 09 July 2021

## i-NEXT PAGE 4

### बीएड एंट्रेंस एग्जाम अब 30 जुलाई को

**लखनऊ विवि ने जारी की एग्जाम की संशोधित तिथि**

**LUCKNOW(8 July, inext):** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड-2021 का एंट्रेंस एग्जाम 30 जुलाई को कराया जाएगा. पहले इस एग्जाम को 18 जुलाई की डेट प्रस्तावित थी. कोविड के कारण 18 जुलाई को एग्जाम कराने की तैयारी पूरी नहीं हो सकी थी, इसलिए एलयू प्रशासन ने शासन से डेट आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था. एलयू के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए शासन ने एग्जाम की नई डेट 30 जुलाई घोषित कर दी है.

**दो शिफ्ट में होगा एग्जाम**

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि एंट्रेंस एग्जाम प्रदेश के 75 जिलों में दो शिफ्ट में कराया जाएगा. इसके लिए 14 नोडल केंद्र बनाए गए हैं. पिछले साल 4,31,904 कैंडीडेट्स के लिए 1,089 एग्जाम सेंटर बनाए गए थे. इस वर्ष प्रदेश में एग्जाम देने वालों की संख्या 5,91,305 है इसलिए एग्जाम सेंटर भी करीब 1,500 बनाए जाएंगे.

## PIONEER PAGE 1

### बीएड प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** भर में बीएड की राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर विवि प्रशासन ने संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार कोरोना प्रोटाकाल को देखते हुए सभी जनपदों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर स्टेट नोडल आफिसर प्रो. अमिता बाजपेयी के अनुसार प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में 14 नोडल सेंटर बनाये गए हैं। परीक्षा में 591305 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी केवल सरकारी व अनुदानित कालेजों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा के परिणाम के 20 अगस्त तक जारी होने की संभावना है जबकि ऑनलाइन काउंसलिंग 25 अगस्त से शुरू होगी। वहीं शैक्षणिक सत्र 31 अगस्त से शुरू होना प्रस्तावित है।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 4

### 30 जुलाई को होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

स्वतंत्र भारत लखनऊ।

**-प्रदेश के सभी 75 जिलों में होंगे एंट्रेंस एग्जाम**

**-2 शिफ्ट में 5 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल; 14 नोडल केंद्र बनाए गए**

उत्तर प्रदेश में बीएड कंबाइंड एंट्रेंस एग्जाम अब 30 जुलाई को होंगे। इससे पहले प्रवेश परीक्षा की तारीख 18 जुलाई को प्रस्तावित की गई थी। इस बीच कोरोना के कारण परिस्थितियां बदहाल रही, इसीलिए एग्जाम की तैयारियां पूरी नहीं पाई हैं। यही कारण रहा कि लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शासन से परीक्षा तारीख बदलने का अनुरोध किया था। शासन ने इस पर मुहर लगाते हुए 30 जुलाई की तारीख को मंजूरी दे दी। बीएड प्रवेश परीक्षा की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो.अमिता वाजपेयी के मुताबिक प्रदेश के प्रत्येक जिले में दो पालियों में परीक्षा होगी। दो शिफ्ट में होगी परीक्षाएं

| | |
|---|---|
| पहली शिफ्ट | सुबह 09 से 12 बजे तक |
| दूसरी शिफ्ट | दोपहर 2 से 5 बजे तक |

ओएमआर शीट पर फॉर्म के माध्यम से परीक्षार्थियों को जवाब देना होगा विश्वविद्यालय ने सबसे पहले 19 मई को प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित की थी। लेकिन कोरोना की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया। फिर शासन ने 18 जुलाई परीक्षा सम्पन्न कराने की अनुमति दी पर कई जिलों से परीक्षा केंद्र फाइनल नहीं हो सके हैं। इसलिए, शासन को पत्र भेजकर परीक्षा के लिए समय बढ़ाने की अनुमति मांगी गई थी। बड़ी संख्या में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को लेकर अभी से सब कुछ दुरुस्त रखने की तैयारी चल रही है। खास बात यह है कि प्रवेश परीक्षा के सेंटर चुनने को लेकर हमेशा से बेहद सतर्कता बरती जाती रही है और इस बार भी इसी के चयन में समय लगा। हालांकि, कोऑर्डिनेटर का दावा है कि आगे के सभी प्रोसेस बेहद तेजी से सम्पन्न कराएं जाएंगे।

## AMRIT VICHAR PAGE 1

### संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 30 को,1500 केंद्र बनाए गए

**ऑफलाइन होगी परीक्षा, 14 नोडल केन्द्र बनाए गए**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2021 का आयोजन प्रदेश के 75 जिलों में 30 जुलाई को होगा। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय कर रहा है। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा से निर्देश मिलने के बाद प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने 30 जुलाई परीक्षा तिथि घोषणा की। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2021 ऑफलाइन होगी। इसके लिए 14 नोडल केन्द्र बनाए गए हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 5,91,305 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए सरकारी और अनुदानित संस्थानों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रदेश भर में 1500 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

## DAINIK JAGRAN PAGE 1

### अब 30 को होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की संशोधित तिथि**

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड-2021 की प्रवेश परीक्षा अब 30 जुलाई को होगी। प्रवेश परीक्षा 18 जुलाई की तिथि प्रस्तावित थी, लेकिन कोविड की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। इसलिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने शासन से परीक्षा की तिथि बदलने का अनुरोध किया था। शासन ने प्रस्ताव को मंजूर दे दी। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि परीक्षा कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षा के परिणाम की संभावित तिथि 20 अगस्त है। वहीं, आनलाइन काउंसिलिंग 25 अगस्त से शुरू होगी। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 31 अगस्त से होगी।

परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा सभी 75 जिलों में दो पालियों में होगी। इसके लिए 14 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या 5,91,305 है। यह आंकड़ा पिछले साल से अधिक है। इसलिए परीक्षा केंद्र भी करीब 1500 बनाए जाएंगे। सिर्फ सरकारी और अनुदानित संस्थानों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। दैनिक जागरण ने पांच जुलाई के अंक में परीक्षा की तिथि बदलने संबंधी खबर प्रकाशित की थी।

## THE PIONEER PAGE 3

### UP BEd JEE to be held on July 30

**Lucknow (PNS):** The University of Lucknow has released the exam date of the UP BEd JEE on its official website. According to the notice, the UP BEd JEE will be held on July 30. The exam will be held in two shifts. "UP State BEd (2021-23) admission test date has been fixed for July 30 (Friday) in accordance with the approval of Deputy Chief Minister, UP. This exam will be held in two shifts," the notice said.

The UP BEd exam will be held in 75 districts. "For the smooth conduct of the examination, it is going to be held in all 75 districts of the state and 14 nodal centres have been made. Only government & aided institutions have been made test centres as per last year," the notice added. Candidates are advised to visit the official website of the University of Lucknow — lkouniv.ac.in — regularly to get the latest updates on the UP BEd JEE.